तापमान

अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार 12 मई 2026

11 जनता दरबार में विधायक ने सुनीं समस्याएं



12 छह राजकीय स्कूलों के पास खुद के भवन का अभाव



## कूड़े पर कब्जा

### हड़ताल बढ़ी, 14 तक राहत नहीं

# हड़ताली कर्मियों ने गाड़ी रोकी, रेलवे रोड निगम कार्यालय के सामने डाला कचरा

## चार घंटे जाम व रही अफरा-तफरी, प्रशासन को बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शहर पर भारी पड़ रही है। कूड़ा न उठने से शहर का हर कोना-कोना बदबू मार रहा है। वहीं सोमवार को हड़ताली कर्मचारियों ने सुबह 11.30 बजे डोर-टू-डोर कूड़ा उठान वाली गाड़ी को नगर निगम कार्यालय के आगे रोककर रेलवे रोड व निगम कार्यालय के सामने कूड़े के ढेर लगा दिए। इससे करीब चार घंटे तक रेलवे रोड पर जाम, बदबू और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ी और मौके पर पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

### कर्मचारियों ने की नारेबाजी



नगर निगम कार्यालय के गेट पर दमकल व सफाई कर्मचारियों का संयुक्त धरना सोमवार को 34वें दिन जारी रहा। नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर निगम चुनाव संपन्न होने के बाद सफाई कर्मियों ने पूर्ण रूप से हड़ताल शुरू की। साथ ही हड़ताल को 14 मई तक बढ़ाने का निर्णय लिया। सभी संविदा व पे-रोल कर्मियों ने सोमवार को सफाई कार्य बंद करके नगर निगम कार्यालय के गेट पर सरकार के खिलाफ रोष जताया। उधर कई दिन से सड़कों, गलियों में फैला कचरा सोमवार को नगर निगम कार्यालय के गेट तक आ पहुंचा।



सोनीपत। रेलवे रोड पर फैला कूड़ा, मौजूद सफाई कर्मी व राहगीर।



रेलवे रोड पर तैनात पुलिस




निगम कार्यालय

### महिला कर्मी बोलीं, सहनशक्ति की परीक्षा ले रही सरकार

दमकल यूनियन के जिला प्रधान राजीव खत्री, नगरपालिका कर्मचारी संघ इकाई के प्रधान भारत कंडेरा ने बताया कि सफाई कर्मियों की ओर से अनिश्चितकालीन हड़ताल 14 मई तक जारी रहेगी। धरने पर तैनात महिला कर्मियों ने कहा कि सरकार उनकी सहनशक्ति की परीक्षा ले रही है। अब हम चुप नहीं बैठेंगे। कर्मचारियों का गुस्सा इस बात को लेकर है कि बार-बार आश्वासनों के बावजूद उन्हें सिर्फ तारीखें मिली हैं, समाधान नहीं। प्रदर्शनकारियों ने फरीदाबाद में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले दो दमकल कर्मचारियों का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया।

### चुनाव तो लड़ लिया, कचरा पीछे छोड़ गए



**सोनीपत।** नगर निगम चुनाव ने भी शहर की मुसीबत बढ़ाने का काम किया। शहर के अधिकतर मतदान केंद्रों के आसपास कूड़ा फैला नजर आया। विभिन्न पार्टियों के समर्थकों ने केंद्रों के बाहर टेंट लगाने के बाद वहां कूड़ा डालकर बिना सफाई करवाए छोड़ दिया। सोमवार दोपहर तक कई केंद्रों के बाहर जगह-जगह कूड़ा बिखरा नजर आया। उधर शहर के विकास व स्वच्छता का दम भरने वाले चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी और अधिकारी भी इस बात से अनजान बने रहे।

### कर्मचारी बोले- सफाई नहीं होने देंगे

**खरखौदा।** नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जोर पकड़ती जा रही है। कर्मचारियों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक शहर में किसी भी प्रकार की वैकल्पिक सफाई व्यवस्था नहीं होने दी जाएगी। इसी को लेकर दो रातों से सफाई कर्मचारियों ने शहर में ठीकरी पहरा शुरू कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि ठेकेदार कचरा उठवाने का प्रयास करेंगे तो उसका विरोध किया जाएगा।

### हड़ताल समाप्त करवाने की मांग

**सोनीपत।** सोनीपत समाज पंचायत ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सफाई व दमकल यूनियन के नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों व समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके बाद सोनीपत समाज पंचायत के पदाधिकारियों ने सरकार व प्रशासन से अपील की, कि कर्मचारियों की जायज मांगों पर तुरंत कार्रवाई करें।

## खबर संक्षेप

### बिजली मंत्री के आवास पर प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की यूनिट गोहाना की बैठक मंगलवार को महम रोड स्थित बिजलीघर के सामने सभागार में होगी। बैठक में 20 मई को बिजली मंत्री अनिल विज के आवास पर प्रस्तावित प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। राज्य कमेटी के सदस्य सुरेश यादव ने बताया कि बैठक को यूनियन के राज्य चेयरमैन देवेंद्र सिंह हुड्डा संबोधित करेंगे। यादव के अनुसार विरोध प्रदर्शन कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और हाईकोर्ट के फैसले को लागू करवाने की मांग को लेकर किया जाएगा।

### शराब ठेके के पास युवक व साथी से मारपीट

**गन्नौर।** गांव सैय्या खेड़ा निवासी शमशेर ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि 10 मई को वह साथी रामरत्न के साथ शराब लेने ठेके पर गया था, लेकिन ठेका बंद मिला। वहां मौजूद व्यक्ति से शराब मांगने पर विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ देर बाद 10-12 युवक बाइक व कार में पहुंचे और दोनों के साथ मारपीट कर फरार हो गए। थाना गन्नौर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्लॉट की रजिस्ट्री का झांसा देकर की ठगी




**गन्नौर।** भोगीपुर निवासी पूजा ने जय भारत कॉलोनी के राजकुमार, राजीव और कविता पर प्लाट की रजिस्ट्री नहीं करने, 14.50 लाख रुपये हड़पने और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार 18 जून 2024 को 100 वर्ग गज प्लाट का एग्रीमेंट हुआ था और आरोपितों को बैंक व नकद के माध्यम से भुगतान किया गया। कई बार कहने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं करवाई गई। पैसे मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारियों ने बताया कि जल्द आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

### इंडेन गैस एजेंसी में चोरी व तोड़फोड़

**गोहाना।** गांव गंगाना-राणा खेड़ी मार्ग स्थित इंडेन गैस एजेंसी में चोरी और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। एजेंसी मैनेजर राकेश कुमार ने बताया कि चोर गेट और शटर को नुकसान पहुंचाकर दो भरे और एक खाली सिलेंडर चोरी कर ले गए। साथ ही सोलर प्लेट भी तोड़ दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुकुल दहिया ने अटलांटिक महासागर में डबल रॉबिन आइलैंड क्रॉसिंग पूरी कर रचा इतिहास

- मुकुल ने करीब 15 किलोमीटर की ओपन वॉटर तैराकी 6 घंटे 28 मिनट में पूरी की
- बर्फीले पानी, तेज समुद्री धाराओं, ऊंची लहरों,व अन्य खतरों का सामना किया



**खरखौदा।** थाना कलां के मुकुल दहिया ने दक्षिण अफ्रीका के अटलांटिक महासागर में स्थित कठिन डबल रॉबिन आइलैंड क्रॉसिंग पूरी कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुकुल ने करीब 15 किलोमीटर की ओपन वॉटर तैराकी 6 घंटे 28 मिनट में पूरी की। इस दौरान उन्हें बर्फीले पानी, तेज समुद्री धाराओं, ऊंची लहरों, शार्क और जेलीफिश जैसे खतरों का सामना करना पड़ा। कोच रोहन मोरे ने बताया कि यह दुनिया की सबसे कठिन ओपन वॉटर तैराकी चुनौतियों में से एक मानी जाती है। इसमें ब्लोबरग स्टैंड से रॉबिन आइलैंड तक जाकर दोबारा मुख्य तट तक लौटना पड़ता है। अटलांटिक महासागर के पानी का तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। मुकुल के पिता एवं पूर्व सरपंच बलराम दहिया ने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि मुकुल ने गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## गोली लगने से घायल युवती निकली नाबालिग, हत्या की कोशिश का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव कुमासपुर के पास गोली लगने से घायल मिली युवती नाबालिग निकली। आरोप है कि किशोरी को उत्तर प्रदेश के बागपत क्षेत्र से अगवा कर लाया गया था। घायल नाबालिग का पीजीआई रोहतक में उपचार चल रहा है। रविवार को राहगीरों ने डायल-112 पर सूचना दी थी कि रजबहा के पास एक लड़की खून से लथपथ हालत में पड़ी है। सूचना पर बहालगढ़ और मुरथल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जांच में सामने आया कि किशोरी की गर्दन और पैर के ऊपरी हिस्से में गोली लगी हुई थी। पुलिस को आशंका है कि हमलावर उसे मृत समझकर मौके पर छोड़ गए थे।

मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायत दी कि उन्हें अंदेशा है कि उनकी बेटी के साथ अभद्रता की गई थी। जब बेटी ने विरोध किया तो हमलावर ने उनकी बेटी की हत्या की कोशिश की और गोली मार दी।

- कुमासपुर के पास खून से लथपथ मिली लड़की, गर्दन व पैर में मारी गई गोली
- गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक रेफर, मां की शिकायत पर पुलिस ने अन्य धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट लगाया

पुलिस ने मां की शिकायत पर के आधार पर पॉक्सो एक्ट और हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ आरोपितों की तलाश में जुटी है।

## गन्नौर खंड में तीन पंच निर्विरोध चुने गए

हरिभूमि न्यूज गन्नौर

- वार्ड एक से अंकित, पांच से मोनिका और वार्ड दस से रीना के नाम पर सर्वसम्मति
- 31 वार्डों में किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया

ग्राम पंचायतों में रिक्त पंच पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय की देखरेख में संपन्न करवाई गई।

जानकारी के अनुसार गन्नौर खंड की ग्राम पंचायत बाय के वार्ड नंबर-5 से मोनिका, गढ़ी झंझारा के वार्ड नंबर-1 से अंकित तथा खेड़ी गुजर के वार्ड नंबर-10 से रीना निर्विरोध पंच चुने गए। इन वार्डों में केवल एक-एक नामांकन दाखिल होने के कारण संबंधित उम्मीदवारों को बिना मतदान विजयी घोषित कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार जिलेभर में कुल 53 पंच पद रिक्त थे। इनमें खरखौदा के फरमाणा महलाना, रोहणा, तुर्कपुर, सोहटी, मौजमनगर, मुरथल के भिगान, पिपली खेड़ा और असदपुर गांव शामिल रहे।

इसके अलावा राई, सोनीपत, मुंडलाना, खरखौदा व गोहाना खंड की पंचायतों में भी नामांकन प्रक्रिया हुई। चुनाव अधिकारियों के अनुसार 22 वार्डों में एक-एक उम्मीदवार मैदान में रहा, जबकि 31 वार्डों में किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया। जिन वार्डों में नामांकन नहीं हुआ, वहां आगामी समय में दोबारा प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। इसके लिए प्रशासन जल्द प्रक्रिया शुरू करेगा।

### मिशन एडमिशन : कॉलेजों में 31 मई तक जारी रहेगी पंजीकरण प्रक्रिया

## पोर्टल पर तीन कॉलेजों का ऑप्शन, बिना परीक्षा परिणाम के असमंजस में विद्यार्थी

### 23 महाविद्यालयों में चल रही प्रक्रिया, इंतजार में छात्र, कब आएगा परिणाम

**सोनीपत।** जिले के महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है, लेकिन 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने के कारण विद्यार्थी असमंजस में हैं। पांचवें दिन भी छात्र कॉलेजों में विषय, फीस और दस्तावेज संबंधी जानकारी लेने पहुंचे, जबकि वर्ष 2024-25 सत्र के केवल 23 विद्यार्थियों ने ही पंजीकरण कराया। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम न आना पंजीकरण बढ़ाने में रुकावट बना हैं। इसके अलावा उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने जारी पोर्टल पर जिले में केवल 3 महाविद्यालय ही दर्शाए हैं। ऐसे में विद्यार्थी असमंजस की स्थिति में उलझे हुए हैं। कक्षा 12वीं के बाद कॉलेज की दहलीज पर कदम रखने को ललायित विद्यार्थियों का इंतजार 7 मई को खत्म हो गया था। इसी दिन उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने इस वर्ष हरियाणा बोर्ड व सीबीएसई की कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम जारी होने से पहले जिले के कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि इस वर्ष पिछले सत्र की अपेक्षा एक माह पहले महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया को लेकर शेडयूल भी जारी कर दिया था। महाविद्यालयों में दाखिला करवाने के लिए विद्यार्थियों को 31 मई तक ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण पोर्टल पर करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद 11 जून को पहली फाइनल कट ऑफ जारी करने की तिथि निर्धारित की गई है, 15 जून तक विद्यार्थी फीस जमा करवा सकेंगे।



सोनीपत। सेक्टर-12 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय।

### राजकीय व अन्य कॉलेजों में 13530 सीटें

जिले में 23 राजकीय, निजी और एडिड कॉलेज संचालित हैं, जिनमें कुल 13,530 सीटें हैं। वहीं इस वर्ष एचबीएसई और सीबीएसई से करीब 24 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी है। कई विद्यार्थी सीयूसीईटी परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं और बड़े संस्थानों में दाखिले की तैयारी में जुटे हैं।

### 31 तक रजिस्ट्रेशन

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने 7 मई को महाविद्यालयों में दाखिले का शेड्यूल जारी करने के साथ पोर्टल खोल दिया है। दाखिले करवाने वाले विद्यार्थियों के लिए 31 मई तक पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल विद्यार्थी 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने के कारण अपना पंजीकरण करवाने में खास रूचि नहीं दिखा रहे हैं।
**-डॉ. सीमा गर्ग**, प्राचार्य, हिंदू कॉलेज, सोनीपत

## ऑटो चालक पर दोस्तों ने किया हमला सिर की कई हड्डियां टूटीं, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली क्षेत्र में निफ्टम चौक के पास एक ऑटो चालक पर उसके ही दोस्तों ने शराब की बोतल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में युवक के सिर की कई हड्डियां टूट गईं और अंदरूनी रक्तस्त्राव होने से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। गांव नांगल कलां निवासी अन्नू (27) ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बताया जा रहा है कि वह अपने कुछ दोस्तों से मिलने के लिए कुंडली गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके दोस्तों के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने शराब की बोतल से अन्नू के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी उसे निफ्टम चौक के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



एआई जनरेटेड फोटो

### ...तुम्हारे पति को हमने मार दिया

देर शाम जब अन्नू की पत्नी रूखसार ने उनके मोबाइल पर फोन किया तो एक आरोपी ने फोन उठाया। आरोप है कि उसने फोन पर कहा कि तुम्हारे पति को हमने मार दिया है, वह निफ्टम चौक के पास पड़ा है, आकर उठा लो। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजन मौके पर पहुंचे तो अन्नू बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। उसे तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि युवक के सिर की कई हड्डियां टूट चुकी हैं और सिर के अंदर लगातार रक्तस्राव हो रहा है, जिसके चलते उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। कुंडली थाना प्रभारी सेठी मलिक ने बताया कि पुलिस हमलावरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मामले में ठोस कार्रवाई की जा रही है।

हरिभूमि सहेली



विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई

# बचपन को शीतल छांव देते पारिवारिक मूल्य

इस बार अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम है- परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण। बाल कल्याण के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समानता का परिवेश बहुत जरूरी है। इसके लिए जरूरी है, परिवार में पारिवारिक मूल्य हों। इस तरह के स्वस्थ और खुशगवार माहौल में बच्चे अपने आपको सुरक्षित महसूस करेंगे, उनका सर्वांगीण विकास होगा।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

छीजते पारिवारिक मूल्य आज एक बड़ी चिंता बन गए हैं। इसका सबसे बड़ा खामियाजा नई पीढ़ी को भोगना पड़ रहा है। परिवार के बिखराव ने बच्चों से बड़ों का स्नेह और सहज सुरक्षा की छांव छीन ली है। आपाधापी में गुम अभिभावक और छोटे होते जाते परिवारों के इस दौर में बच्चों की मासूमियत खो रही है। बालमन की मनुहार करने का माहौल कहीं गुम हो गया है। सही मार्गदर्शन देने वाला अपनेपन का परिवेश नहीं बचा है। वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम फैमिली सिस्टम के बदलते पैटर्न और बचपन को सहेजने वाले विषय पर ही केंद्रित है। इस साल का विषय 'फैमिलीज, इनइक्वेलिटी एंड चाइल्ड वेलबीइंग' है। असल में परिवार, असमानता और बच्चों का वेलफेयर आपस में गहराई से जुड़े हैं। ऐसे में पारिवारिक मूल्य और सामंजस्यपूर्ण परिवेश ही नई पीढ़ी को सही सुरक्षा और संबल दे सकता है।

## पारिवारिक मूल्यों से जुड़ी सुरक्षा

चाइल्ड वेलबीइंग का सबसे अहम पहलू है- सुरक्षा। बच्चों की हिफाजत के मोर्चे पर परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। नवजात की देखभाल से लेकर टीन एज के बदलावों भरे पड़ाव तक, अपने आंगन में मिली सुरक्षा की छांव से बढ़कर कुछ नहीं होता। हर परिस्थिति में परिवारजनों से मिला स्नेह अनमोल होता है। तकलीफदेह है कि सुरक्षा का यह साया अब सिमट रहा है। पारिवारिक मूल्य का खत्म होना इसकी सबसे बड़ी वजह है। ध्यान रहे कि परिवार से मिले जीवन मूल्य बच्चों का मन थामने का काम करते हैं। बड़ों के बर्ताव में बच्चों की सेफ्टी से जुड़ा साझा भाव लाते हैं। इस वैल्यू सिस्टम के खत्म होने से बच्चों में अपराध, अकेलापन, अवसाद और आत्महत्या के आंकड़े बढ़े हैं। यह स्थिति समग्र समाज में भयभीत करने वाली है। वहीं दूसरी ओर बहुत से परिवारों में अपने ही बच्चों के मन-जीवन को घाव देने लगे हैं, जिससे अविश्वास का परिवेश बन रहा है। कुल मिलाकर पारिवारिक मूल्यों के फीके पड़ते रंग नई पीढ़ी को असुरक्षा के स्याह घेरे में ला रहे हैं। सामने आने वाली घटनाएं भी बताती हैं कि असमानता को झेलने वाले कमजोर परिवारों में बच्चे अधिक असुरक्षित होते हैं। निम्न आय वर्ग वाले घरों में पैरेंट्स अपने बच्चे की शिक्षा और मूल्यों से पहले रोजी-रोटी के बारे में सोचते हैं। यही वजह है कि चाइल्ड वेलबीइंग के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समानता का परिवेश भी आवश्यक है।

### मनोबल बढ़ाते पारिवारिक मूल्य

**बाल कल्याण** और विकास के लिए ही नहीं, बच्चों के दिलो-दिमाग को सही दिशा देने के लिए भी पारिवारिक मूल्य बहुत महत्वपूर्ण हैं। परिवार से मिले संस्कार बच्चों का व्यक्तित्व और विचार दोनों बनाते हैं। पारिवारिक संस्कार न केवल चुनौतियों का सामना करने बल्कि दूसरों की भावनाओं की कद्र करने की संवेदनशीलता भी लाते हैं। इमोशनली स्वस्थ रखते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अध्ययन के मुताबिक बच्चे हों या वयस्क, परिवार का समर्थन दोनों के भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण फैक्टर है। परिवार ही बच्चों को सोशल स्किल्स सीखाता है। परिवार से मिलने वाले गाइडलाइंस अपने देश से जोड़ने वाली सही समझ पोसते हैं। बच्चों को पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाने के साथ आगे बढ़ने के लिए संसाधन भी परिवार ही देता है। फैमिली से मिला साथ-स्नेह और मार्गदर्शन देश के भावी नागरिकों के जीवन को मनोबल की मजबूत बुनियाद देता है। हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट का रिसर्च कहता है कि परिवार के नजदीकी संबंध इंसान को खुशहाल बनाते हैं। फिर नई पीढ़ी के लिए तो परिवार ही पूरा संसार होता है। इस संसार में करीबी अपनों से मिली हर सार्थक सीख जिंदगी को हिम्मत से जीने का बल देती है। नेशनल काउंसिल ऑफ फैमिली रिलेशंस के मुताबिक, 'पारिवारिक मूल्य इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे सुरक्षा, मार्गदर्शन, स्नेह और समर्थन के स्रोत के रूप में एक आधार प्रदान करते हैं। पारिवारिक मूल्य सिखाकर बच्चों को भविष्य में गलत निर्णय लेने से बचाया जा सकता है।'



## सरोकारी सोच को बल

इंटरनेशनल-डे ऑफ फैमिलीज, परिवार के प्रति प्रेम और समर्पण को रेखांकित करने के साथ ही सामाजिक संरचना में परिवार की भूमिका को याद करने के लिए भी मनाया जाता है। पारिवारिक मूल्य ही सोशल सिस्टम में परिवार के रोल को महत्वपूर्ण बनाते हैं। देखने में आ रहा है कि पारिवारिक मूल्यों का सिमटना, सरोकारी सोच और समानता के भाव को भी कम कर रहा है। किसी भी स्तर पर असमानता और जिम्मेदार सोच की कमी व्यक्तिगत जीवन ही नहीं, समाज और देश के लिए भी नुकसानदेह है। ऐसे में समाज, देश और स्वयं इंसानों के अस्तित्व को बचाने के लिए भी पारिवारिक मूल्यों को बचाना आवश्यक है। फैमिली सिस्टम में समानता का होना, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर सहजता का परिवेश बनाता है। 'जरनल ऑफ एडोल्सेंस' में छपी रिसर्च के मुताबिक गरीब पृष्ठभूमि वाले परिवार के बच्चों को विशेष मदद की दरकार होती है। ऐसे बच्चे जानकारी जुटाने में भी कमजोर होते हैं। उनमें भावनात्मक और व्यावहारिक परेशानियां अधिक होती हैं। अभावों के बीच पलने वाले बच्चे डिप्रेशन और एंग्जाइटी के ज्यादा शिकार हो सकते हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में सरोकारी समझ पोसने के साथ ही आय, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की इनइक्वेलिटी मिटाने का संदेश देने वाली इस वर्ष की थीम बहुत अहम है। बच्चों को बेहतर जीवन देने के लिए समानता का धरातल बनाते हुए परिवारों को मजबूत सामाजिक और आर्थिक सहायता सिस्टम से जोड़ने के प्रयास भी किए जाएंगे। स्पष्ट है कि पारिवारिक सिस्टम को मजबूती दिए बिना बच्चों को सुरक्षित भविष्य नहीं दिया जा सकता। ऐसे में जिन परिवारों के हालात कमजोर हों, समाज की सरोकारी सोच हर तरह से सहारा दे सकती है।

## चुनौती और चेतावनी

आज के समय में एक ओर पारिवारिक मूल्यों को बचाना चुनौती है तो दूसरी ओर इनसे बढ़ती दूरी एक बड़ी चेतावनी है। इस स्थिति से जूझने के लिए हर परिवार को अवेयर होना होगा। नई पीढ़ी को पारिवारिक मूल्यों के सिखाने के साथ ही, सामाजिक लेवल पर भी बराबरी और आपसी समझ का परिवेश बनाना होगा। यूं भी अच्छे पारिवारिक मूल्य ही अच्छा समाज बनाते हैं। सशक्त समाज ही मजबूत राष्ट्र बनाता है। आम से लगने वाले ये नैतिक दिशा-निर्देश सदा से ही खास मानवीय भावों को खाद-पानी देते हैं। स्वस्थ जीवन और स्पष्ट-सधी सोच वाले नागरिक बनाते हैं। मौजूदा दौर की अधिकतर समस्याओं का हल फैमिली सिस्टम के जुड़ाव से निकाला जा सकता है।

# मिड एज में दिखेंगी स्मार्ट

अकसर बढ़ती उम्र में महिलाएं सोचने लगती हैं कि अब सजने-संवरने की उम्र बीत गई, अब सजे-संवरे तो लोग क्या कहेंगे? लेकिन आप अगर स्मार्ट लुक मेंटेन करती हैं तो आपकी पर्सनालिटी निखरने के साथ ही आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। इसके लिए क्या करें, जानिए।



जीवनशैली
प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर 45-50 की उम्र पार करते ही महिलाएं यह कहते सुनी जाती हैं, 'अरे इस उम्र में क्या सजना-संवरना!' देखा जाए तो उम्र सिर्फ एक नंबर होता है, आप किसी भी उम्र की हों सजना, संवरना, फैशनेबल ड्रेस पहनना न सिर्फ आपका अधिकार है बल्कि आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगाने के लिए भी बहुत आवश्यक है। उम्र के हर पड़ाव पर मौसम, फैशन और अवसर के अनुकूल स्टाइल करके आप हर कहीं स्मार्ट-अट्रैक्टिव दिख सकती हैं।

**उम्र को भूल जाएं:** कोई ड्रेस पहनते समय अपनी उम्र को याद रखने की जगह इसे भूल जाएं। जो भी फैशन और स्टाइल करने का आपका मन कर रहा है, उसे बिना हिचक के अपनाएं। लोग क्या कहेंगे की परवाह किए बिना अपने दिल की सुनें, क्योंकि आप चाहे जो भी करें लोगों को तो कुछ न कुछ कहना ही होता है।



**मनमाफिक हो ड्रेस कलर:** मिड एज की महिलाएं आमतौर पर मानती हैं कि इस उम्र में डार्क कलर्ड ड्रेसेस अच्छी नहीं लगती हैं। ऐसी सोच सही नहीं है। आप ब्लैक, नेवी ब्लू, मैरून और डार्क ग्रीन जैसे कलर्स की ड्रेसेस बेफिक्र होकर पहनें। ये आप पर बहुत फबेंगे। ध्यान रखिए कि उम्र का रंग से कोई संबंध नहीं होता। आप हर उस कलर की ड्रेस को पहन सकती हैं, जो आपको पसंद हो और आपकी पर्सनालिटी को आकर्षक बनाए।

**अपने वजन पर रखें कंट्रोल:** उम्र बढ़ने के साथ-साथ अकसर महिलाएं अपने बढ़ते वजन के प्रति भी लापरवाह हो जाती हैं। अपनी डाइट को कंट्रोल में रखने के साथ-साथ प्रतिदिन योगा, वॉकिंग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, जिससे आपका शरीर एक्टिव और वजन नियंत्रण में रहेगा। इससे हर तरह की ड्रेस आप पर सूट करेगी। आप स्मार्ट नजर आएंगी।

**फैशन का रखें ध्यान:** आजकल बड़े ज्योमेट्रिकल, फ्लोरल और पोल्का डॉट्स प्रिंट के साथ-साथ हैवी एंब्रॉयडरी वाले प्रिंट्स वाली ड्रेसेस भी खूब चलन में हैं। आप इनमें से किसी भी प्रिंट के आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। आजकल कोर्ड सेट भी फैशन में हैं, इन्हें पहनकर आप फैशनेबल ही नहीं स्टाइलिश भी लगेंगी।

**हेयर स्टाइल से नया लुक:** आउटफिट के साथ-साथ हेयर स्टाइल पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। आमतौर पर मिडएज महिलाएं चोटी या जूड़ा बांधना पसंद करती हैं। इसकी जगह खुले बाल या लेयर्ड और शॉर्ट हेयर कट से आप अपने बालों को नया लुक दे सकती हैं। इससे बढ़ी उम्र में भी आप यंग और स्मार्ट लगेंगी। बालों के वॉल्यूम को बढ़ाने के लिए हमेशा अच्छे ब्रांडेड हेयर प्रोडक्ट्स का ही प्रयोग करें। इससे आपके बाल कमजोर नहीं होंगे और उनकी शाइन बनी रहेगी, जो आपकी बढ़ी उम्र को कम करके दिखाएगी।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- मेकअप ऐसा करें, जो आपके कॉम्प्लेक्शन को निखारे और आपकी पर्सनालिटी को यंग लुक दे।
- अपने आउटफिट और अवसर के अनुकूल ऑक्सिडाइज्ड, गोल्ड, सिल्वर या एंटीक ज्वेलरी पहन सकती हैं।
- आपके ओवरऑल लुक पर फुटवियर भी अफेक्ट करता है, आप ब्लॉक हील, हाई हील, किटेन हील या फिर स्नीकर्स को पहन सकती हैं।
- मिड एज में भी आप अपनी कोई भी मनपसंद आउटफिट पहन सकती हैं, बशर्ते उसे पहनकर अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें।
- आउटफिट से मैच करता कोई भी स्लिंग या साइड बैग आपकी लुक को यंग टच देगा।

लिविंग रूम घर का एक ऐसा स्थान होता है, जहां पर फैमिली मेंबर्स आराम से बैठकर टाइम स्पेंड करते हैं, रिलैक्स होते हैं। अगर आप चाहती हैं आपका लिविंग रूम, कंफर्टेबल होने के साथ स्टाइलिश भी दिखे तो यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

# स्टाइल-कंफर्ट का कॉम्बिनेशन आपका लिविंग रूम दिखेगा अट्रैक्टिव

इंटीरियर
ललिता गोयल



अगर घर में सुकून के कोने की बात करें तो वह लिविंग रूम ही होता है। लिविंग रूम किसी भी घर का दिल होता है। यही वह जगह होती है, जहां न केवल आप मेहमानों का स्वागत करती हैं, शाम या फुर्सत के पलों में परिवार के साथ सुकून के पल बिताती हैं। दिन भर की बातों को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। ऐसे में घर के इस खास जगह का इंटीरियर सुकून भरा होना और स्पेशल होना भी जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं कुछ आसान तरीके, जिनसे आप अपने लिविंग रूम को बना सकती हैं, स्टाइल और सुकून का परफेक्ट कॉम्बिनेशन।

**कुशन कवर:** लिविंग रूम को हल्के और कंट्रास्ट कलर के अलग-अलग टेक्सचर और पैटर्न वाले कुशन कवर से रिच लुक दें। यह बदलाव पूरे कमरे की वाइब बदल देता है।

**फर्नीचर का प्लेसमेंट:** लिविंग रूम का फर्नीचर ऐसा रखें, जो आपस में कलेक्टेड हो लेकिन यह रूम में चलने-फिरने की जगह को न रोके।

**कलर ऑप्शस:** अगर लिविंग रूम छोटा है, तो व्हाइट, क्रीम या लाइट ग्रे कलर चुनें। इससे कमरा बड़ा और प्यारा दिखता है।

**दीवारें:** खाली दीवारें रूम को बोरिंग बनाती हैं। दीवारों पर पुराने फोटो फ्रेम या प्रिंटेड पोस्टर लगाएं। आप फैमिली फोटो का कोलाज या कुछ बजट-फ्रेंडली पेंटिंग्स से भी डेकोरेट कर सकती हैं। पुरानी कांच की कुछ बोतलों को खुद से पेंट करके इनमें लाइट लगाकर अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

**इंडोर प्लांट्स:** ग्रीनरी हमेशा लग्जरी फील देती है। इंडोर प्लांट्स न सिर्फ खाली कोनों को लाइटअप करते हैं, बल्कि हेल्थ के लिए भी बहुत अच्छे होते हैं। इसके लिए इंडोर प्लांट्स जैसे मनी प्लांट, स्नेक प्लांट या एलोवेरा एकदम परफेक्ट रहते हैं। ये न केवल हवा को शुद्ध करते हैं, बल्कि कमरे के खाली कोनों को एक नेचुरल और प्रीमियम लुक भी देते हैं। इंडोर प्लांट्स को पुराने चाइना कप में लगाकर सजाया जा सकता है। अगर जगह कम है, तो आप हैंगिंग पॉट्स का ऑप्शन भी चुन सकती हैं।

**मॉडर्न थीम:** यह थीम उन लोगों के लिए होती है, जो स्टाइल और लग्जरी पसंद करते हैं। इसमें डेकोरेशन का सामान सीधी लाइंस और जियोमेट्रिक आकारों का होता है। रंगों की बात करें तो ब्लैक, व्हाइट, ग्रे और मेटल (गोल्ड या क्रोम) फिनिश कलर्स का अधिक यूज किया जाता है। कम ऊंचाई वाले सोफे और कांच या मार्बल टॉप वाली टेबल्स से रूम को सजाया जाता है। यह थीम देखने में बहुत ही पॉलिश्ड और क्लासी लगती है।

**ट्रेडिशनल-एथनिक थीम:** अगर आपको भारतीय संस्कृति और कला से लगाव है और आप इस थीम से लिविंग रूम डेकोरेट करना चाहती हैं तो नक्काशीदार लकड़ी का फर्नीचर और पीतल के सजावटी सामान से लिविंग रूम को सजाएं। कमरे की दीवारों और फर्निशिंग का कलर डार्क और वाइब्रेंट जैसे मैरून, यलो, सेफ्रॉन या डार्क ग्रीन रखें। दीवारों पर मधुबनी या वारली पेंटिंग्स, फर्श पर हाथ से बुने कालीन और पारंपरिक दीए से रूम को सजाएं।

**मिनिमलिस्ट थीम:** यह थीम छोटे अपार्टमेंट्स के लिए बेहतरीन है। लिविंग रूम में केवल उतना ही फर्नीचर और सामान रखें, जितनी जरूरत हो। इससे कमरा बहुत खाली और शांत महसूस होता है। कमरे की दीवारों और फर्निशिंग के लिए व्हाइट, क्रीम और लाइट पेस्टल शेड्स का एक ही कलर चुनें।

**(इंटीरियर डिजाइनर मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

# स्किन की करें प्रॉपर केयर फेस रहेगा पिंपल्स-फ्री

स्किन केयर
निधि गोयल

आपकी त्वचा साफ-सुथरी और चमकदार तभी नजर आती है, जब आप अपनी त्वचा का ख्याल सही तरीके से रखती हैं। ज्यादातर महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं, जिस कारण उनके चेहरे पर मुंहासे हो जाते हैं। ये मुंहासे फेशियल अपीयरेंस को बिगाड़ देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि अपनी त्वचा की देखभाल ऐसे करें, जिससे आपकी त्वचा मुंहासों से बची रहे।

**फेसवॉश से चेहरे को साफ करें:** सबसे जरूरी है कि आप अपने चेहरे को नियमित अच्छी तरह से साफ करें। धूल, मिट्टी चेहरे पर चिपकने के कारण मुंहासे होने की आशंका बढ़ जाती है। आपको दिन में कम से कम दो बार चेहरा अच्छी तरह साफ करना चाहिए। त्वचा के अनुसार ही फेसवॉश का इस्तेमाल करें, क्योंकि सेंसिटिव स्किन पर हर तरह का फेस वॉश सूट नहीं करता है। अपनी त्वचा को ध्यान में रखते हुए फेस वॉश को खरीदें। बार-बार चेहरे को हाथों से छूने से बचें, क्योंकि जब आप चेहरे पर बार-बार हाथ लगाती हैं तो हाथों की गंदगी और बैक्टीरिया चेहरे की त्वचा पर लग जाते है। इससे मुंहासे होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए हाथों को बार-बार चेहरे पर न लगाएं।



**खूब पानी पिएं:** पानी पीना पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। आपको ध्यान रखना चाहिए कि पूरे दिन में आपको आठ से दस गिलास पानी पीना है। इससे आपकी बॉडी डिटॉक्स होती है। साथ ही शरीर में से विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इससे त्वचा ग्लो करने लगती है और आपको मुंहासों से भी छुटकारा मिलता है। आपका चेहरा चमकदार और साफ नजर आने लगता है।

**लें न्यूट्रीशस डाइट:** अच्छी डाइट लेना हेल्थ के लिए ही नहीं, स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। यदि आप तला-भुना और जंक फूड ज्यादा खाती हैं तो इसका असर आपकी स्किन पर भी दिखने लगता है और आपकी त्वचा पर मुंहासे निकलने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि बाहर बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स और जंक फूड्स का सेवन बंद कर दें। घर के बने ताजे, पौष्टिक खाने के अलावा फल और सब्जियों का भी अधिक सेवन करें।

**तकिए का कवर साफ रखें:** अकसर हम रोज जिन चीजों का इस्तेमाल कर रहे होते हैं, वो भी हमारे स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। तकिए का कवर भी इनमें से एक है। कवर को दो-तीन दिन के अंतराल पर धो लेना चाहिए, जिससे तकिए के कवर पर जमा गंदगी और तेल आपके चेहरे पर न लग सके, क्योंकि इससे मुंहासे होने का रिस्क कम हो जाएगा।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

अपनी या किसी अपने की तबियत खराब होने पर जब आप डॉक्टर के पास जाएं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# जब जाएं डॉक्टर के पास रखें इन बातों का ध्यान


सजेशन
प्रतिभा

हम सभी को अकसर ही डॉक्टर के पास जाना पड़ता है। लेकिन कई लोग डॉक्टर के क्लीनिक या हॉस्पिटल जाते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान नहीं रखते हैं। इससे डॉक्टर या मेडिकल स्टाफ को परेशानी हो सकती है, आपके ट्रीटमेंट में असुविधा हो सकती है या आपके अगल-बगल बैठे दूसरे पेशेंट असहज महसूस कर सकते हैं। मिसाल के तौर पर कुछ महिलाएं हॉस्पिटल में भी ओवर मेकअप, एक्सपोजर वाली ड्रेसेस या स्ट्रॉन्ग स्मेल वाले परफ्यूम स्प्रे करके पहुंच जाती हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो वे किसी हॉस्पिटल में नहीं, फैशन शो या फंक्शन में आई हों। इसी तरह कुछ लोग अपनी बीमारी से जुड़े जरूरी कागजात, पुरानी प्रिस्क्रिप्शन या टेस्ट रिपोर्ट या मेडिकल हिस्ट्री लेकर नहीं जाते हैं। या डॉक्टर के पास ले जाना भूल जाते हैं। पर्याप्त जानकारी के अभाव में डॉक्टर को रोग समझने और इलाज शुरू करने में बहुत परेशानी होती है।

**रखें ध्यान:** आप जब भी किसी प्रकार की बीमारी का इलाज करवाने डॉक्टर के पास जाएं तो यहां बताई जा रही इन बातों का ध्यान अवश्य रखें।




- सबसे पहले अपनी मेडिकल फाइल के समस्त कागजों को अपडेट करें और इसे अपने साथ अवश्य ले जाएं, क्योंकि इसके माध्यम से ही डॉक्टर आपकी केस हिस्ट्री जानकर इलाज प्रारंभ कर सकेंगे।
- डॉक्टर के पास जाते समय ड्रेस सलीकेदार पहनें। बहुत टाइट या फैशनेबल ड्रेस पहनने से बचें।
- अगर आपको डेंटल प्रॉब्लम हो तो डेंटिस्ट के पास हमेशा मुंह अच्छी तरह साफ करके जाएं। दांतों के इलाज के दौरान आपको बार-बार पानी से कुल्ला करना पड़ता है, इसलिए अपने साथ एक रूमाल ले जाएं।
- फिजियोथेरेपिस्ट के पास जाते समय हमेशा लूज ड्रेसेस पहनें। साथ ही क्लोज्ड या हाईनेक गले का कुर्ता या ब्लाउज पहनकर न जाएं क्योंकि ऐसे में आपके कंधे और पीठ पर मशीन लगाने में डॉक्टर को परेशानी हो सकती है। फिजियोथेरेपी के लिए साड़ी पहनकर जाने से भी बचें। यदि आप सलवार-सूट नहीं पहनती हैं तो साड़ी के अंदर लेगिंग्स या पैंट पहनकर जाएं ताकि आप पैर और कमर की एक्सरसाइज के दौरान सहजता से ऊपर उठा सकें।
- गायनी संबंधित प्रॉब्लम होने पर गायनेकोलॉजिस्ट के पास जाने से पहले अपने प्राइवेट पार्ट्स को अच्छी तरह साफ करके और साड़ी पहनकर ही जाएं। इससे डॉक्टर को चेकअप करने में सुगमता रहती ही है।
- पैथोलॉजिकल टेस्ट करवाने जाते समय फुल स्लीव्स की टाइट ड्रेस के बजाय हाफ स्लीव या लूज ड्रेस पहनकर ही जाएं ताकि बांह से सुगमता से ब्लड सैंपल लिया जा सके।
- डॉक्टर के पास कभी-भी हैवी ज्वेलरी पहनकर और मेकअप करके न जाएं।
- एक्स-रे, सीटी स्कैन या एम.आर.आई. करवाने जाते समय किसी भी प्रकार की धातु का गहना, सेफ्टी पिन, हेयर पिन या हेयर बैंड आदि न पहनें।
- डॉक्टर के पास जाने से पहले घर पर शांति से बैठकर अपनी समस्याओं के बारे में अच्छी तरह सोच लें, ताकि आप डॉक्टर को विस्तार से अपनी समस्या के बारे में बता सकें। इसके आधार पर ही डॉक्टर आपका इलाज प्रारंभ कर सकेंगे। डॉक्टर को अपनी समस्या से जुड़ी छोटी से छोटी बात और लक्षण के बारे में जरूर बताएं।



**(जे. पी. हॉस्पिटल, भोपाल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर सुधा अस्थाना से की गई बातचीत पर आधारित)**

### छात्राओं ने निबंध, स्लोगन व जागरूकता गतिविधियों में बढ़-चढ़कर लिया भाग

# 'कैच द रेन' अभियान में छात्राओं ने रैली निकाल कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**प्रतिदिन प्रार्थना सभा में भी सभी को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया**

*समारोह में प्राचार्य सुनील त्यागी, नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रपति अवॉर्डी सुनीता ने विजेता छात्राओं को किया पुरस्कृत, छात्राओं को प्रेरित किया कि वह कार्यक्रम को न केवल गतिविधि समझें, बल्कि जन-जन को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी जल बचाने का भरपूर प्रयास करें*

हरिभूमि न्यूज़र ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय में समारोह के दौरान प्राचार्य, नोडल अधिकारी व स्टाफ सदस्यों के साथ विजेता छात्राएं।

मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 4 मई से चल रहे 8 दिवसीय जलशक्ति अभियान के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य सुनील त्यागी ने स्टाफ सदस्यों के साथ विजेता प्रतिभागी छात्राओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रपति अवॉर्डी सुनीता ढुल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत छात्राओं को जल संरक्षण व जल उपयोग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूक किया। छात्राओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अनेक स्थानों पर कब्जा किया।

सुनीता ढुल ने बताया कि जल शक्ति अभियान : कैच द रेन अभियान के तहत जल संरक्षण शपथ, इलैक्ट्रॉनिक बैनर, सामुदायिक भागीदारी के लिए एसएमसी, पीटीए की बैठक में जल संरक्षण पर विचार गोष्ठी, स्लोगन लेखन, रैली, जलजनित रोग एवं सुरक्षित पेयजल उपयोग, बाल संसद, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, उपयोग, बारिश जल संग्रहण, समूचित उपयोग के लिए छात्राओं व समाज में जागरूकता फैलाना रहा, ताकि सभी इसमें अपनी भागीदारी निभा सकें। साथ ही जल ही जीवन की सार्थकता को समझें। यह हमें न केवल उपयोग, बल्कि सतत पोषणीयता की ओर अग्रसर करते हैं। कार्यक्रम संयोजक सुनीता ने बताया कि प्रतिदिन प्रार्थना सभा में भी सभी को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम व विभिन्न गतिविधियों के संचालन में सविता, समिता, सरिता, अरुण, सुमन, वीना, पारूल, राजी, मोनिका, मुकेश, रेनू, सविता, साक्षी, पिंकी, सुषमा, ममता, सुभाष कुंडू सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने सहयोग किया। साथ ही निर्णायक मंडल की अहम भूमिका निभाई।

**खास बातें**

- प्रतिदिन प्रार्थना सभा में भी जल बचाने का संदेश दिया गया
- निबंध प्रतियोगिता में कुंजन प्रथम रही
- स्कूल स्टाफ व निर्णायक मंडल ने कार्यक्रम संचालन में अहम भूमिका निभाई

#### स्लोगन में परीसा, निबंध में कुंजन रही प्रथम

स्लोगन लेखन में परीसा प्रथम, मोनिका द्वितीय, प्रिया तृतीय रही। निबंध लेखन में कुंजन प्रथम, मोनी द्वितीय, फरहा तृतीय रही। प्राचार्य सुनील त्यागी ने सभी विजेता छात्राओं को उपहार वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वह कार्यक्रम को न केवल गतिविधि समझें, बल्कि जन-जन को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी जल बचाने का भरपूर प्रयास करें, तभी ऐसे आयोजन को सफल माना जाएगा। उन्होंने बताया कि जल ही जीवन है, इसे अपने उपयोग के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है।

### अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

## जनता दरबार में विधायक ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज़र ▸▸| गन्नौर


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनते हुए।

क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान भी कराया गया।

जनता दरबार में बिजली बिलों की त्रुटियां, बिजली पोल शिफ्टिंग, प्लॉट विवाद, निकासी व्यवस्था और पुलिस से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि आमजन को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। गांव बड़ी की एक महिला ने विधायक को शिकायत देते हुए बताया कि उनका मकान लाल डोरा क्षेत्र के अंतर्गत आता है और वर्ष 2004 से पहले से वहां उनका परिवार निवास कर रहा है। महिला ने आरोप लगाया कि कुछ लोग षड्यंत्र के तहत उनके मकान को गिरवा चुके हैं और अब लाल डोरा क्षेत्र से जबरन रास्ता देने का दबाव बना रहे हैं। विरोध करने पर गांव से निकालने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़िता ने बताया कि वह इस मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों को पहले भी शिकायत दे चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं को एक मंच पर सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और प्रशासन को पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

## फसल नुकसान मुआवजा मामले में किसानों और बिजली विभाग के बीच बनी सहमति

गन्नौर। शार्ट सर्किट से जली गेहूं की फसल के नुकसान की भरपाई को लेकर किसानों और बिजली विभाग के अधिकारियों के बीच एक बैठक सोनीपत शुगर मील एमडी डा. अनमोल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों और बिजली विभाग के अधिकारियों ने आपसी सहयोग से समस्या के समाधान पर सहमति जताई। किसानों का प्रतिनिधित्व कर रहे भाकियू (टिकैत) के ब्लाकाध्यक्ष वीरेंद्र पहल ने बताया कि शार्ट सर्किट से कई किसानों की फसल जल कर नष्ट हो गई थी, लेकिन किसानों को मुआवजा नहीं मिल रहा था। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लगातार बैठक की जा रही थी। सोमवार को आयोजित बैठक में अधिकारियों ने निष्पक्ष तरीके से किसानों की बात सुनी और समाधान निकालने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसल आग लगने से खराब हुई है और जिन्होंने प्रशासन के निर्देशों का पालन किया है, उन्हें सरकार की ओर से जल्द मुआवजा दिया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का निर्माण गन्नौर को विश्व पटल पर देगा अलग पहचान : यादव

- एमडी ने आईआईएचएम में बैठक कर अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज़र ▸▸| गन्नौर


गन्नौर। एमडी अनीश यादव अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए।

हरियाणा इंटरनेशनल हार्टिकल्चर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के एमडी एवं हैफेड एमडी अनीश यादव ने सोमवार को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी, गन्नौर (आईआईएचएम) का दौरा किया। संबंधित विभागों के अधिकारियों दिशा निर्देश दिए कि यहां चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करें। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त बागवानी मंडी गन्नौर को विश्व पटल पर एक अलग पहचान देगी। एमडी यादव ने अंतरराष्ट्रीय मंडी निर्माण में आ रही समस्याओं का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित विभागों द्वारा जल्द ही इनका समाधान कर लिया जाएगा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बाल्मिकी आश्रम, हनुमान मंदिर, पीर व शमशान घाट के स्थानातंरण, टेहा गांव से जुडे पानी के मुद्दे को एसटीपी प्लांट विकसित कर हल जल्द ही निकाल लिया जाएगा। बैठक के दौरान जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने एमडी अनीश यादव को आश्वस्त किया कि उक्त सभी रुकावटों को दूर कर संबंधित विभागों के द्वारा अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त नेहा सिंह, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, तहसीलदार ललिता, बीडीपीओ राजेश कुमार, एक्सईएन एचएसएएमबी विजेंद्र सिंह, एक्सईएन ईआईएल राकेश भट्ट, एक्सईएन पब्लिक हेल्थ गौतम कुमार, एक्सईएन पंचायती राज कुलबीर सिंह, एनएचएआई पीआईयू प्रांजल मिश्रा सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।


गोहाना। शहीदों को नमन करते हुए एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

### ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

गोहाना। राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना की एनसीसी इकाई द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने दो मिनट का मौन धारण रखकर इस ऑपरेशन में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित शहीद स्मारक से हुई। इस कार्यक्रम में एनसीसी के 45 कैडेट्स ने स्मारक में शहीदों को नमन किया और अपने देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी इंचार्ज मोनिका मलिक ने की जिन्होंने कैडेट्स को देश सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमें देश की एकता, अखंडता एवं सेवा के प्रति समर्पित रहना हर देशवासी का कर्तव्य है।

**न्यूज डायरी**

### अधिकारी मौके पर समस्याओं का समाधान करें : अंकित

गोहाना। सोमवार को उपमंडलीय परिसर में एसडीएम अंकित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई। एसडीएम ने सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए संबधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। अंकित कुमार ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान ही इस समाधान शिविर का प्रमुख उद्धेश्य है। शिविर में आने वाली शिकायतों का संबंधित अधिकारी मौके पर ही समाधान करना सुनिश्चित करें, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार लघु सचिवालय के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अध्यक्ष समाधान शिविर में स्वयं मौजूद रहकर समस्याओं का समाधान करें। सोमवार को शिविर में जमीन से अवैध कब्जा छुड़वाने और फैमिली आईडी ठीक करवाने जैसी शिकायतें प्राप्त हुई।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर किया जागरुक

सोनीपत। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और विधिक जागरूकता प्रदान करने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। पैनल अधिवक्ता अरुण कुमार शर्मा ने सीआरए कॉलेज, सोनीपत में शिविर लगाया, जिसमें साइबर सेल से कृष्ण कुमार मौजूद रहे। वहीं पैनल अधिवक्ता विकास सैनी ने मुरथल स्थित एक संस्थान में जागरूकता शिविर आयोजित किया। साइबर सेल अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया अपराध और ई-कोर्ट प्रणाली की जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध की शिकायत तुरंत दर्ज कराने और डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया। विद्यार्थियों को नालसा की विभिन्न योजनाओं और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई।

### जैन विद्या मंदिर विद्यालय में मनाया गया मातृ दिवस



सोनीपत। जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में मातृ दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, कविता, नृत्य और लघु नाटिकाओं के माध्यम से माताओं के प्रति अपना प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। छोटे बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए हस्तनिर्मित कार्ड, पोस्टर और संदेश भी तैयार किए। इनमें मातृत्व के महत्व और मां के त्याग व समर्पण को सुंदर तरीके से दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में प्रेम, स्नेह और सम्मान का भाव दिखाई दिया।

### स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन ने मनाया मदर्स डे

सोनीपत। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन की ओर से मदर्स डे के अवसर पर पाठशाला के बच्चों की माताओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को सम्मान देना और उन्हें खुशी का एहसास कराना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिनमें माताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। माताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बच्चों के संस्कार और भविष्य निर्माण में मां की सबसे अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मां परिवार और समाज की मजबूत नींव होती है। कार्यक्रम का संचालन स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन की सदस्य डॉ. मीनू अग्रवाल और शारदा रेलन के मार्गदर्शन में किया गया। निकिता, तान्या, प्रेरणा और तनीषा ने कार्यक्रम के प्रबंधन में सहयोग दिया।

### शांति व अच्छी बरसात की कामना से अग्नि तप पर महाराज



सोनीपत। दादा मोहनदास धाम, लहराड़ा के महंत बाबा विजयनाथ महाराज ने सोमवार को भीषण गर्मी के बीच अग्नि तपस्या शुरू की है। पंचधूनी तपस्या की शुरुआत 9 मई को की थी। 41 दिन के बाद तपस्या संपन्न का समापन होगा। गर्मी के बीच बाबा विजयनाथ महाराज के अग्नि तप को क्षेत्र में शांति व अच्छी बरसात की कामना से देखा जा रहा है। वह कंडों में आग के बीच बैठकर रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तपस्या करते हैं। मौजूद भक्तों ने बताया कि यह हठयोग साधुओं की ओर से स्वयं के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए किया जाता है। जिससे क्षेत्र में बेहतर बारिश हो, लोग सुखी रहें। क्षेत्र में समृद्धि आए। वह जनकल्याण, गोरक्षा के लिए और आपसी भाईचारे को बढ़ाने के लिए अग्नि तपस्या कर रहे है।

## ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही विकास की रफ्तार तेज होगी: जैन

- भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने बूथ मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों के साथ सोनीपत में संपन्न हुए मतदान के विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज़र ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। बैठक के दौरान चर्चा करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत नगर निगम चुनाव को लेकर 10 मई को हुए मतदान में मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नीतियों पर मुहर लगाई है। सोनीपत की जनता का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है। जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर पूरा भरोसा है। सोनीपत की जनता निगम क्षेत्र का चहुमुँखी विकास चाहती है। स्थानीय लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं को वोटिंग संपन्न होने के बाद अब 13 मई का इंतजार है, जिस दिन वोटों की काउंटिंग की जाएगी और 'कमल' खिलेगा। उन्होंने कहा कि मेयर के साथ ही 22 वार्डों के लिए हुए चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशी एकतरफा और रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने सोमवार सुबह उठते ही साइकिलिंग की और अपने आसपास के लोगों से मुलाकात के दौरान चुनावी चर्चा भी की।

### एचएसवीपी कार्यालय पर चौथे दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का धरना



सोनीपत। हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच का रोष प्रदर्शन और धरना सोमवार को चौथे दिन भी एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर-15 के गेट पर जारी रहा। धरने की अध्यक्षता जिला चेयरमैन राकेश त्यागी और जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव योग प्रकाश नागर और समेश कुमार ने किया। प्रदेश अध्यक्ष आर.के. नागर ने कहा कि 15 अप्रैल से कार्यकारी अभियंता का पद खाली होने के कारण कर्मचारियों के वेतन और नए पदों की स्वीकृति से जुड़े जरूरी कार्य लंबित हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा तय 15 मई की समय सीमा में केवल पांच दिन शेष हैं। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द नए कार्यकारी अभियंता की नियुक्ति नहीं हुई तो 12 मई को कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

### राज्यसभा सांसद ने भगवान शिव की पूजा कर सनातन संस्कृति के संरक्षण का दिया संदेश

# शिव मंदिर में हुआ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज़र ▸▸| सोनीपत



शंभू दयाल शिक्षा सदन स्थित शिव मंदिर में सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में हर-हर महादेव और जय सोमनाथ के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा के आगमन के साथ हुआ। इसके उपरांत उन्होंने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई गई सोमनाथ स्वाभिमान पर्व प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने कलश यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने भगवान शिव, सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

#### सोमनाथ भारत की आत्मा व सनातन संस्कृति का प्रतीक : कार्तिकेय शर्मा

जय सोमनाथ और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं बल्कि भारत की आत्मा, स्वाभिमान और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इतिहास में कई विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन भारत की आस्था और आत्मबल को कभी समाप्त नहीं कर सके। कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री का संबोधन भी प्रसारित किया गया। इसके उपरांत सोमनाथ मंदिर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ देखा। कार्यक्रम के अंत में राज्यसभा सांसद ने रंगोली व ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर एसएमडीए की एडिशनल सीईओ वीना हुड्डा, शुगर मिल सोनीपत की एमडी डॉ. अनमोल, डीआईपीआरओ राकेश गौतम, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, प्रवीण वर्मा, मोहन सिंह मनोचा, रविन्द्र सरोहा आदि मौजूद रहे।

### 26 लाख से होगा श्रीराम धर्मशाला का जीर्णोद्धार

गोहाना। नगर परिषद चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने सोमवार को शहर की दरियापुर कॉलोनी स्थित श्रीराम धर्मशाला के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का नारियल फोडक़र एवं विधिवत शिलान्यास किया। धर्मशाला के जीर्णोद्धार पर 26 लाख रुपये खर्च होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड संख्या-10 के नगर पार्षद संजय सुमन सैनी ने की। श्रीराम धर्मशाला पिछले लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। इस धर्मशाला को अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त एवं सुंदर स्वरूप दिया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध हो सके। धर्मशाला के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण पर 26 लाख रुपये खर्च होंगे।

### 2200 गज जमीन दे दो या पीपीपी की आईडी ठीक करो

खरखौदा। उपमंडल कार्यालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में गांव रोहणा निवासी संत कुमार अपनी समस्या लेकर पहुंचे। भुक्तभोगी का कहना है कि परिवार पहचान पत्र फैमिली आईडी में सरकार द्वारा 2200 वर्ग गज जमीन दर्शीयी गई है। जिस कारण उसकी फैमिली आईडी में सालाना इनकम 3 लाख से ऊपर चली गई है। उसने स्पष्ट किया है कि वह मारुति कंपनी में लगभग 14 हजार रुपए महीना मजदूरी का काम करता है। लेकिन सरकार ने उसकी फैमिली आईडी में 2200 वर्ग गज जमीन दर्शा कर उसकी सालाना इनकम 3 लाख से ऊपर कर दी है। अब वह सरकार की नजर में अमीर व्यक्ति बन गया है। जिस कारण वह सरकार द्वारा दी जा रही सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो गया है। पीड़ित ने बताया कि वह कई बार इसकी शिकायत खंड विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय, सोनीपत जिला मुख्यालय में कर चुके हैं।

### सिसाना में श्रद्धा और भक्ति संग निकली पावन परिक्रमा

खरखौदा। सिसाना गांव में स्वामी कर्मपुरी महाराज द्वारा पैदल परिक्रमा अत्यन्त श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण संपन्न की गई। उन्होंने ग्रामीणों के साथ सम्पूर्ण ग्राम की परिक्रमा करते हुए गांव के विभिन्न प्राचीन मंदिरों, समाधि स्थलों एवं तीर्थ स्थलों पर शीश नवाकर पूजा-अर्चना की तथा ग्रामवासियों के सुख, शांति और समृद्धि हेतु मंगलकामनाएँ कीं। यात्रा के दौरान कर्नल होशियार सिंह की समाधि पर माल्यार्पण करके नमन किया गया। गौशाला में गौ सेवा, वृद्ध आश्रम में सेवा भाव तथा धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर महाराज जी ने धर्म, सेवा और संस्कारों का संदेश दिया। ग्रामवासियों ने जगह-जगह श्रद्धा एवं प्रेमपूर्वक महाराज जी का स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा का समापन गुरु गोरखनाथ धूना, आनन्द नम्बरदार के घर पर दिव्य प्रवचनों एवं आशीर्वचनों के साथ सम्पन्न हुआ। यह पावन परिक्रमा ग्राम सिसाना के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गौरव का साक्षी बना।

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में चोरी करने वाले दो आरोपी लिए रिमांड पर

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस ने एल्युमिनियम बर्तनों की फैक्ट्री में चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गांव बहालगढ़ निवासी मनीष और बलिया, उत्तर प्रदेश निवासी रिशु उर्फ टुंडा के रूप में हुई है।

### वर्ल्ड वुशु कप में रोहित और अपर्णा दिखाएंगे दम

**खरखौदा।** 11 वीं वर्ल्ड वुशु कप 11 से 16 मई के बीच मकाउ, चीन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। विद्यालय की खिलाड़ी अपर्णा (52 किलोग्राम वर्ग) तथा खिलाड़ी रोहित डागर (90 किलोग्राम वर्ग) इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। अपर्णा 5 बार अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर देश और विद्यालय का नाम रोशन कर चुकी हैं।

### 30 विद्यार्थियों का किया गया एनसीसी में चयन

**सोनीपत।** 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी की ओर से इंडियन मॉडर्न सीनियर सैकेंडरी विद्यालय परिसर में चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। चयन प्रक्रिया में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारियों ने विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, अनुशासन, परेड और सामान्य योग्यता का परीक्षण किया। सभी चरण पूरे होने के बाद कुल 30 छात्रों का एनसीसी के लिए चयन किया गया।

### तायक्वांडो चैंपियनशिप में जीते चार स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की खिलाड़ी छात्राओं ने तायक्वांडो ओपन नेशनल चैंपियनशिप (फाल्कन कप) में चार स्वर्ण पदक जीते। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम की खेल प्रभारी अनु ने बताया कि फाल्कन कप का आयोजन कुरुक्षेत्र में 8 से 10 मई तक किया गया, जिसमें जीवीएम की छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए दमदार प्रदर्शन किया।

## विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने मांगी विद्यालयों के भवनों संबंधित विवरण की रिपोर्ट

# जिले में छह राजकीय विद्यालयों के पास खुद के भवन का अभाव

*दूसरों की छत के नीचे घड़ रहे बच्चों का भविष्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में छह राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में भवन की कमी का मामला सामने आया है। इन विद्यालयों को अन्य विद्यालयों से अटैच कर संचालन किया जा रहा है। शिक्षक भी दूसरों की छत के नीचे बच्चों का भविष्य घड़ रहे हैं। ऐसे में विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वह अपने अंतर्गत आने वाले विद्यालयों की जल्द रिपोर्ट तैयार मुख्यालय भेजें। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विद्यालयों का पूरा विवरण मांगा गया है। निदेशालय ने सभी जानकारी जल्द देने की हिदायत दी है।

स्वर्णप्रस्थ नगरी सोनीपत को शिक्षा का हब माना गया है, इसके बावजूद जिले के छह राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के पास अपना खुद का भवन नहीं है। ऐसे में शिक्षा विभाग ने इन विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को पास के विद्यालयों के भवन में शिफ्ट किया गया है। उधर मामले में विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने हस्तक्षेप करते हुए रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट में किस विद्यालय के पास खुद का भवन नहीं है। अगर किसी विद्यालय का किसी कैंपस, धर्मशाला या चौपाल में संचालन किया जा रहा है। किसे अन्य विद्यालयों के साथ जोड़कर संचालन हो रहा है, संबंधित जानकारी मांगी गई है। वहीं जिला शिक्षा विभाग ने रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। उधर जिले में किसी भी राजकीय विद्यालय का किराए के भवन में संचालन नहीं किया जा रहा है। निर्देश मिलते ही विभाग रिपोर्ट तैयार करने जुटा है, जिसे जल्द मुख्यालय भेजने का लक्ष्य रखा गया है।



**सोनीपत।** सेक्टर-15 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में डिजिटल बोर्ड से शिक्षा ग्रहण करते विद्यार्थी।

### विभाग के नेतृत्व में चल रहे 709 राजकीय विद्यालय

*जिला शिक्षा विभाग के नेतृत्व में जिले में कुल 709 राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 420 राजकीय प्राथमिक विद्यालय, 77 राजकीय उच्च, 75 राजकीय माध्यमिक, 135 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, एक केंद्रीय विद्यालय व एक नवोदय विद्यालय शामिल हैं। इनमें से 11 को पीएमश्री राजकीय विद्यालय व 9 को राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय का दर्जा दिया गया है। इन राजकीय विद्यालयों में हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में सुधार ला रहे हैं। केवल सोनीपत खंड की बात करें, तो कुल 11 राजकीय उच्च विद्यालय व 24 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।*

### इन विद्यालयों के पास भवन का अभाव

अन्य विद्यालयों में शिफ्ट किए गए छह विद्यालयों का डबल स्टोरी में संचालन हो रहा है, इनमें प्राथमिक विद्यालय भी शामिल हैं। सैनीपुरा, धानक बस्ती के प्राथमिक विद्यालयों के पास भी खुद का भवन नहीं है। कथूरा ब्लॉक में भी एक प्राथमिक विद्यालय दूसरे स्कूल के भवन में चल रहा है, जबकि गढ़ी हकीकत व बसौदी स्थित माध्यमिक विद्यालयों के पास भी खुद की इमारत नहीं है। इन दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी दूसरे स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है।

### सरकारी में निजी स्कूलों जैसी आधुनिक सुविधाएं

जिले में भले ही कुछ विद्यालयों के पास खुद का भवन नहीं है, लेकिन विभाग शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार लाने के लिए लगातार प्रयासरत रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नए शैक्षणिक सत्र में निजी स्कूलों की तर्ज पर बनाए जाने वाले कुछ विद्यालयों में कक्षाओं के साथ प्रत्येक विषय अनुसार अलग-अलग शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। विद्यार्थियों के लिए ड्रैस कोड के साथ आईकार्ड की सुविधा भी सुनिश्चित की जा रही है, जिसे कई विद्यालयों में लागू भी किया गया है। साथ ही अनुशासन व्यवस्था के साथ, लैब, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, एक्टिविटी कक्ष की व्यवस्थाएं व विद्यालय के वातावरण को हरा-भरा बनाया जा रहा है। यह विद्यालय निजी स्कूलों की व्यवस्था को मात दे रहे हैं।

### रिपोर्ट जल्द तैयार कर मुख्यालय भेजी जाएगी

विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें, इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय बेहतर कदम उठाता आया है। इसी उद्देश्य के साथ निदेशालय ने विद्यालयों के भवनों संबंधित विवरण की रिपोर्ट मांगी है। जिले में फिलहाल कोई भी विद्यालय किराए के भवन में नहीं चल रहा है। हालांकि कुछ के पास अपने भवन की कमी का अभाव है, जिन्हें साथ लगते विद्यालयों से अटैच किया गया है। विभाग रिपोर्ट तैयार कर रहा है, जिसे जल्द मुख्यालय भेजा जाएगा।

*-रचना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

## शिवा शिक्षा सदन में मनाया अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन में अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा। विद्यालय में आयोजित विशेष सत्रों में विद्यार्थियों को आधुनिक गैजेट्स, स्मार्ट डिजिटल टूल्स और नई तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर सेफ्टी और डिजिटल फुटप्रिंट्स के महत्व के बारे में समझाया गया। विद्यार्थियों को सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डेनमार्क से आयातित "लेगी मॉडल" रोबोट्स रहे। विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स और ऑटोमेशन की कार्यप्रणाली को समझते हुए विज्ञान और तकनीक के प्रति उत्साह दिखाया। निदेशक अरुण बंसल ने कहा कि शिक्षा में तकनीक का समावेश समय की सबसे बड़ी जरूरत है।



## पेंटिंग प्रतियोगिता में उकेरे प्रतिभा के रंग



**गोहाना।** गांव बिचपड़ी स्थित लक्ष्मी मॉर्डन स्पोर्ट्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को मातृत्व विषय पर पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में जहां अपनी कला प्रतिभा के रंग उकेरे वहीं भाषण प्रतियोगिता से अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताएं प्रीत सिंह लाठर शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित हुई। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मनजीत लाठर ने की और मार्गदर्शन प्रबंधक पूनम लाठर ने किया। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 5वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्राचार्य मनजीत लाठर ने कहा कि प्रतिभा एवं कौशल विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना आवश्यक है। ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्राप्त होता है जिससे उनको जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिलती है।


## जरूरतमंद को मेडिकल में जाकर दिया रक्त

- भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में दाखिल मरीज को थी रक्त की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एक मामला सामने आया जिसे देखकर हम कह सकते हैं कि हां आज भी मानवता जिंदा है। आज भी ऐसे लोग हैं जो केवल अपने बारे में ही नहीं सोचते अपितु दूसरों के प्रति भी उनमें कर्तव्यपरायणता की भावना है।

गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में गांव मातंड निवासी एक मरीज उपचाराधीन है। मरीज को उपचार को दौरान रक्त की जरूरत पड़ी। अस्पताल में रक्त ग्रुप बी-नेगेटिव की कमी होने के चलते मरीज के परिवार की चिंता बढ़ गई। ऐसी स्थिति में परिवार द्वारा नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति से सम्पर्क किया। इसके बाद आहुति के अनुरोध पर गोहाना के स्टार रक्तदाता रजत गगनेजा मोटरसाइकिल पर सवार होकर अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया। रजत के मानवीय भाव से जरूरतमंद परिवार खुशी से फूला नहीं समाया, मानो उनके मरीज को नई जिंदगी मिल गई हो। परिवार द्वारा जलपान को भी रजत ने विनम्रता से अस्वीकार कर दिया। रजत गगनेजा का यह 56वां रक्तदान था।



**गोहाना।** रक्तदान करते हुए रजत गगनेजा।

## वर्तमान समय में डिजिटल शिक्षा का ज्ञान जरूरी : कादियान

- एसआरके स्किल सैंटर ने टेक अवेयरनेस जागरूकता पद यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

टेक अवेयरनेस एवं सामाजिक जागरूकता पद यात्रा सोमवार को एसआरके स्किल सेंटर द्वारा लोगों को आधुनिक तकनीक, सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, डिजिटल शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली गई। यात्रा को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान, एचकेसीएल पंचकूला से प्रोग्राम कोर्डिनेटरआशीष कुमार, रिजनल मैनेजर जितेन्द्र नेगी, जैन गर्ल्स कॉलेज गन्नौर के प्राचार्य मनोज कुमार, समाजसेवी हरीश वाधवा, अंकित मल्होत्रा, भावना जाग्या आदि मौजूद रहे। सभी का एसआरके स्किल सेंटर के संचालक जोगेन्द्र ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादयान ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक और डिजिटल शिक्षा का ज्ञान बेहद जरूरी है।



**गन्नौर।** रैली को रवाना करते विधायक देवेन्द्र कादियान, समाजसेवी हरीशव वधवा, भावना जाग्या, अंकित मल्होत्रा कोर्डिनेटर आशीष कुमार, रिजनल मैनेजर जितेन्द्र नेगी व अन्य।

### युवाओं को किया प्रेरित

कादियान ने युवाओं को साइबर अपराधों से बचने, डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया। गन्नौर थाना के एसएचओ वीर सिंह ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। वहीं ट्रैफिक इंचार्ज एएसआई सोहन ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सुनील दीवान, अरुण बजाड़, आईसीएस कोचिंग सेंटर की निशा का सहयोग रहा। मंच संचालन अरुण गोस्वामी दतौली ने किया। कार्यक्रम में अंजलि पांचाल, खुशी भारद्वाज, विशाखा, कल्पना, आयुष, लतिक्षा, पूजा सहित आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों ने संदेशपूर्ण लोगो किए प्रस्तुत

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल, गन्नौर में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु इंटर-हाउस लोगो डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी हाउस के विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति तथा कलात्मक कौशल से सुंदर और संदेशपूर्ण लोगो प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच और मेहनत की झलक देखने को मिली। परिणामों में शौर्य हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, ध्येय हाउस द्वितीय स्थान पर रहा तथा करम हाउस और विवेक हाउस ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मक क्षमता को निखारती हैं और उनमें आत्मविश्वास तथा टीम भावना का विकास करती हैं। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल के 30 छात्रों का एनसीसी में हुआ चयनित

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। चयन प्रक्रिया में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारियों ने विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, अनुशासन, परेड और सामान्य योग्यता का परीक्षण किया। सभी चरण पूरे होने के बाद कुल 30 छात्रों का एनसीसी के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर एएनओ निशांत, सूबेदार एस.के. यादव और हवलदार नरेश मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व, अनुशासन और देश सेवा की भावना के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी छात्रों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना विकसित करती है।



### मोबाइल चोरी के दो मामलों में दो काबू

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने घर से मोबाइल फोन चोरी करने की दो अलग-अलग घटनाओं में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पहले मामले में थाना शहर सोनीपत पुलिस ने गांव बुटाना निवासी सोमबीर उर्फ आशू को गिरफ्तार किया। एक महिला ने शिकायत दी थी कि 8 मई की रात एक युवक किराये का कमरा पूछने के बहाने घर में आया और मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया। दूसरे मामले में थाना मुरथल पुलिस ने गांव मुरथल निवासी मोहित को गिरफ्तार किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

## प्रो. ऊषा दहिया होंगी टीकाराम कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या



**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में सोमवार को प्रो. ऊषा दहिया ने स्थायी प्राचार्या के रूप में पदभार ग्रहण किया। सीआरए कॉलेज, सोनीपत से स्थानांतरित होकर पहुंचीं प्रो. ऊषा दहिया का कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या गीता, शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रो. ऊषा दहिया ने कार्यभार संभालने से पहले टीकाराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीआरए कॉलेज के स्टाफ सदस्य भी उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देने पहुंचे। गीता और कंचन ने नई प्राचार्या के अनुशासन, सकारात्मक सोच और कर्मठता की सराहना की। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया और अन्य सदस्यों ने भी प्रो. ऊषा दहिया को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही।

## जनगणना कार्य में तेजी लाने के लिए 72 ब्लॉकों में बांटा खरखौदा शहर



**खरखौदा।** नगर पालिका क्षेत्र खरखौदा में जनगणना कार्य को व्यवस्थित और तेज गति से पूरा करने के लिए शहर को 72 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नगरपालिका के चार्ज अधिकारी हरीश द्वारा मौके पर नक्शों की विस्तार से जानकारी दी गई और सुपरवाइजरों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जनगणना के दौरान कई स्थानों पर बाउंड्री वाली गलियों में डबल नंबरिंग वाली समस्या सामने आई थी। अधिकारियों ने कर्मचारियों को उनकी निर्धारित सीमा और कार्य क्षेत्र स्पष्ट रूप से समझा दिया है, जिसके बाद अब कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तेजी से डाटा फीडिंग का कार्य पूरा करें ताकि कार्य प्रगति प्रतिशत भी बढ़ सके। सुपरवाइजर ललित बाल्यान ने बताया कि उनके अधीन आने वाले सभी कर्मचारियों को उनके प्रथम और अंतिम प्वाइंट की निशानदेही करवा दी गई है।

## मिराकी प्लाईवुड फैक्ट्री के बाहर श्रमिकों ने किया जोरदार प्रदर्शन



**गन्नौर।** बादशाही रोड स्थित डीआइसीटी के निकट मिराकी प्लाईवुड फैक्ट्री के बाहर सोमवार को श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और रोड जाम कर दिया। प्रदर्शन में करीब 100 से अधिक श्रमिक शामिल रहे। श्रमिकों का आरोप है कि महिलाओं को आठ घंटे काम के बदले केवल आठ हजार रुपये और पुरुष श्रमिकों को 12 घंटे काम के बदले 13 हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन दरें लागू नहीं की जा रहीं। कई बार मांग उठाने के बावजूद फैक्ट्री प्रबंधन वेतन बढ़ाने को तैयार नहीं है। इसी मांग को लेकर श्रमिक फैक्ट्री के बाहर एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए बादशाही रोड पर जाम लगा दिया। जाम के कारण कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। सूचना मिलने के करीब 30 मिनट बाद थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने श्रमिकों और फैक्ट्री प्रबंधन से बातचीत कर मामला शांत करवाने का प्रयास किया।

## डॉ. सुशील का तबादला, ओपीडी और ऑपरेशन व्यवस्था पर पड़ेगा प्रभाव

# नागरिक अस्पताल में अब दो नेत्र चिकित्सकों के सहारे चलेगी ओपीडी

*रोजाना करीब 400 मरीज नेत्रों की जांच के लिए पहुंचते*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में नेत्रों की जांच करवाने के लिए आने वाले मरीजों को थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशील मानिकटालिया का अब पानीपत के समालखा में तबादला कर दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव होने से अब यहां दो नेत्र विशेषज्ञ ही नेत्र रोग मरीजों का इलाज करेंगे। बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 400 मरीज अपने नेत्रों की जांच व उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में एक नेत्र रोग विशेषज्ञ का तबादला होने से ओपीडी के साथ ऑपरेशन व्यवस्था पर भी इसका प्रभाव होगा।




**सोनीपत।** दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल।

### मरीजों की बढ़ सकती है परेशानी

नागरिक अस्पताल में रोजाना ओपीडी में ज्यादातर एलर्जी, इंफेक्शन, मोतियाबिंद, चश्मे का नंबर बढ़ने, सूखेपन सहित विभिन्न रोगों के मरीज अपना इलाज करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की मानें तो जांच करवाने आए मरीजों में स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के कारण आंखों में सूखापन, एलर्जी, इंफेक्शन व मोतियाबिंद आदि की बीमारी पाई जाती हैं। पहले अस्पताल में तैनात तीन चिकित्सक संबंधित मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श व बचाव के उपायों का सुझाव देते आए हैं। अब नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशील मानिकटालिया के तबादला के बाद यहां नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विकास चहल व डॉ. लतिका दलाल के सहारे नेत्र जांच संबंधी ओपीडी लग सकेगी। साथ ही नेत्र के ऑपरेशन किए जाएंगे। वहीं अस्पताल में अगर कभी ओपीडी अधिक होती है, तो ऑपरेशन को दरकिनार भी किया जा सकता है। तीन चिकित्सकों में से एक की अस्पताल में सेवाएं बंद होने से मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। मरीजों को नेत्र जांच व ऑपरेशन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है।

## साइबर अपराध को लेकर सेमिनार आयोजित

**गन्नौर।** नेशनल टेक्नोलॉजी डे के अवसर पर गुरु नानक कॉलेज में साइबर अपराध जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से एडवोकेट विकास सैनी, सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार और जिला प्रभारी गुलशन कुमार उपस्थित रहे। सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, ओटीपी स्कैम, सोशल मीडिया ठगी और हैकिंग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने और किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर तुरंत प्रतिक्रिया न देने की सलाह दी।